# दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र



मुरादाबाद से प्रकाशित

Title Code
UPBIL 05086

वर्ष :- 01 अंक :- 261 मुरादाबाद 15 January 2022 (Saturday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ़, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ


## मैं जिसे छोड़ देता हूं उसका पता नहीं चलता, मायावती इसकी जिंदा मिसालः स्वामी प्रसाद मौर्य

उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में श्रम मंत्री के पद से इस्तीफा देने वाले स्वामी प्रसाद मौर्य आज समाजवादी पार्टी में शामिल हो गए। यही नहीं इस दौरान उन्होंने भाजपा के साथ ही बसपा पर भी हमला बोला, जिसमें वह लंबे समय तक रहे थे। एक दौर में वह मायावती के करीबी नेताओं में से एक थे, लेकिन उन पर भी तीखा हमला बोला। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, श्हम जिसका साथ छोड़ देते हैं, उसका कहीं पता नहीं चलता। मायावती इसकी जिंदा मिसाल हैं। वह आंबेडकर के मिशन से हट गई। मान्यवर कांशीराम के आंख मूंदते ही नारा बदल दिया था। बहन मायावती ने उनके नारे श्जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारीश को बदल दिया। उन्होंने नया नारा दिया- जिसकी जितनी तैयारी, उसकी उतनी भागीदारी।



### हमारे इस्तीफे से जागे भाजपा नेता, हराम हुई उनकी नींद

स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, श्आज भारतीय जनता पार्टी के वो बड़े-बड़े नेता जो कुंभकर्णी नींद सो रहे थे, उनकी नींद हमारे इस्तीफों के बाद हराम हो गई है। इसके साथ ही भाजपा के कुछ लोग कहते हैं कि 5 साल तक क्यों नहीं इस्तीफा दिया। कुछ बददिमाग लोग यह भी कहते हैं कि बेटे के चक्कर में भाजपा छोड़ दी। मैं ऐसे लोगों से कहना चाहता हूं कि भाजपा के लोगों ने इस देश के गरीबों, मजलूमों, दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों की आंखों में धूल झोंककर सत्ता हथियाई थी।श् यही नहीं पिछड़ी बिरादरी के नेता के तौर पर खुद को स्थापित करने की कोशिश में जुटे स्वामी ने कहा, श्भले में ही मैंने पार्टी नहीं बनाई है, लेकिन किसी भी पार्टी से कम नहीं हूं।श्

### सरकार बनाएं पिछड़े और मलाई खाएं अगड़े, यह नहीं चलेगा

इस दौरान स्वामी प्रसाद मौर्य ने साफ संकेत दिया कि वह इस चुनाव को अगड़ा बनाम पिछड़ा बनाने की कोशिश में हैं। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा, श्यह भाजपा केशव प्रसाद मौर्य और स्वामी प्रसाद मौर्य का नाम उछालकर पिछड़ों के बूते सत्ता में आई थी। भाजपा ने चर्चा की थी कि स्वामी प्रसाद मौर्य या केशव प्रसाद सीएम होंगे। लेकिन ऐसा नहीं हुआ, गोरखपुर से नेता को लाकर सीएम बना दिया और पिछड़ों की आंखों में धूल झोंक दी। आज सरकार बनाएं अल्पसंख्यक और पिछड़े और मलाई खाएं, वे 5 फीसदी अगड़े।

### यह लड़ाई अगड़ा बनाम पिछड़ा की है, 85 तो हमारा है और 15 में बंटवारा है

यही नहीं सीएम योगी के बयान पर हमला बोलते हुए स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि लड़ाई 80 बनाम 20 की नहीं है बल्कि 85 बनाम 15 की है। हम तो कहते हैं कि 85 तो हमारा है, 15 में भी बंटवारा है। यदि आप हिंदुओं के हमदर्द हैं तो फिर पिछड़ों, अनुसूचित जाति और जनजाति के आरक्षण पर क्यों डाका डालते हो। अभी-अभी 69 हजार शिक्षकों की भर्ती हुई। इनमें से 19 हजार ओबीसी और दलित सीटों पर सामान्य वर्ग के लोगों को ही नियुक्ति पत्र दे दिया। भाजपा लीडरशिप पर अटैक करते हुए कहा कि आपके पास जितने दांव हैं लगा लो। लेकिन मैं आपको पटकनी जरूरत दूंगा और भाजपा को खत्म करके रहूंगा। अब यूपी को आपके शोषण से मुक्त कराने का वक्त आ गया है।

## वंशवाद और परिवारवाद वाले... स्वामी प्रसाद मौर्य समेत नेताओं की भगदड़ पर पहली बार बोले सीएम योगी

तीन मंत्रियों स्वामी प्रसाद मौर्य, दारा सिंह चौहान और धर्म सिंह सैनी समेत एक दर्जन से अधिक विधायकों के पार्टी छोड़ने और इनके समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रतिक्रिया दी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंशवाद, और परिवारवाद की राजनीति करने वाले सामाजिक न्याय के समर्थक नहीं हो सकते। भ्रष्टाचार जिनके जीन्स का हिस्सा हो, वे सामाजिक न्याय की लड़ाई नहीं लड़ सकते। सीएम योगी ने गोरखपुर में दलित कार्यकर्ता के घर खिचड़ी खाने के बाद पत्रकारों से बातचीत में यह बात कही। योगी ने कहा कि सामाजिक समरसता और न्याय की लड़ाई भाजपा ने लड़ी है। सामाजिक न्याय यह है कि शासन की योजनाओं का लाभ हर गरीब को मिले, हर तबके के लोगों को मिले, उनके साथ



सामाजिक-आर्थिक भेदभाव न हो। और, यही भाजपा का मूल मंत्र है। सीएम योगी झुंगिया गेट के समीप दलित के घर सहभोज के बाद कहा कि इस दलित बस्ती में सुशासन और विकास का संदेश देने और अस्पृश्यता की भावना को पूरी तरह समाप्त करने के संकल्प को पूरा करने के लिए आए हैं। समतामूलक समाज की स्थापना,भ्रष्टाचार मुक्त, अपराध मुक्त व्यवस्था यानी सुशासन का हिस्सा है। सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने पिछले पांच साल में पीएम मोदी के मार्ग में लागू कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर गांव, हर गरीब, हर किसान, मजदूर, महिला, नौजवान तक बिना भेदभाव पहुंचाया है। आज उसी का परिणाम है कि प्रदेश में 45 लाख गरीबों को आवास मिले,2. 61 करोड़ गरीबों के घरों में शौचालय बने। किसी भी दलित बस्ती चले जाइये, यह सब दिखेगा। कोरोना महामारी के दौरान लोगों को मुफ्त डबल राशन दिया जा रहा है, यह डबल इंजन सरकार की तरफ से राहत का डबल डोज है। यह सब सामाजिक न्याय का ही हिस्सा है। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार को देखे तो मात्र 18,000 आवास उन्होंने पांच साल में दिया था। गरीबों के मकान पर कब्जा, जमीनों पर कब्जा कर होता था। अगर यही सामाजिक समरसता है, तो उसका मैं विरोध करता हूं।

## 26 जनवरी से पहले बड़ी साजिश नाकाम, दिल्ली और जम्मू-कश्मीर में आईईडी तो पंजाब में आरडीएक्स बरामद

नई दिल्ली. गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) से पहले देश को दहलाने की साजिशें सामने आ रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली, पंजाब और जम्मू-कश्मीर में आज सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ी साजिश नाकाम की है। पूर्वी दिल्ली के गाजीपुर फूल मंडी में आईईडी मिलने से हड़कप मच गया। बम निरोधक दस्ते ने इसे निष्क्रिय कर दिया है। वहीं, श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में भी आईईडी बरामद किया गया। इसके अलावा पंजाब में आरडीएक्स की बड़ी खेप बरामद की गई है। पुलिस इन मामलों की जांच कर रही है। इन तीन अलग-अलग घटनाओं के बारे में आपको विस्तार से बताते हैं।



### भारत-पाक सीमा पर मिला 5 किलो आरडीएक्स

स्पेशल टास्क फोर्स ने अंतरराष्ट्रीय भारत-पाक सीमा के पास धनोए कला गांव से आरडीएक्स की बड़ी खेप बरामद की। बताया जा रहा है कि पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई और खालिस्तानी आतंकियों ने आरडीएक्स को चुनाव के दौरान धमाके करने के लिए भेजा है। आरडीएक्स 5 किलो से ज्यादा बताया जा रहा है। पुलिस संदिग्धों से पूछताछ कर रही है। बता दें कि एक दिन पहले ही नवांशहर पुलिस ने पठानकोट आर्मी कैंप में हैंड ग्रेनेड विस्फोट मामले में गिरफ्तार छह आरोपितों से पूछताछ के बाद 2.5 किलो आरडीएक्स और एके-47 के 12 कारतूस बरामद किए थे।

### श्रीनगर में प्रेशर कुकर बम बरामद

उधर, श्रीनगर के ख्वाजा बाजार में प्रेशर कुकर बम बरामद किया गया है। प्रेशर कुकर के अंदर आईईडी लगाई गई थी। कुकर को एक बोरे में छिपाकर रखा गया था। आतंकियों की इस साजिश का पता चलते ही पुलिस बम निरोधक दस्ते केस साथ मौके पर पहुंच गई। इसे निष्क्रिय कर दिया गया है

### राजधानी में बैग में मिला आईईडी

उधर, राजधानी दिल्ली के गाजीपुर में फूल मंडी में एक लावारिस बैग में आईईडी बरामद मिला। लावारिस बैग मिलने से हड़कंप मच गया। बैग में बम की सूचना पर जिला पुलिस, स्पेशल सेल के अधिकारियों के साथ दमकल और बम निरोधक दस्ता भी मौके पर पहुंच गया था। बम को निष्क्रिय करने के लिए जेसीबी से एक गड्ढा खोदा गया। गड्ढे में बम को डाला गया और फिर जोरदार धमाका हुआ। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## जिला मजिस्ट्रेट युगल किशोर पंत ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत मेरा वोट-मेरा अधिकार बोर्ड पर हस्ताक्षर किये



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर- जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट युगल किशोर पन्त ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर निगम के पास चलाये जा रहे हस्ताक्षर अभियान में पहुॅचकर मेरा वोट-मेरा अधिकार बोर्ड पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वस्थ एवं विकसित लोकतंत्र के लिए मतदाताओं की जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। मतदाताओं को अपने मत का प्रयोग सोच समझकर करना चाहिए। सरकार निर्माण में मतदाताओं की मुख्य भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के लिए मतदाताओं का शिक्षित होना अत्यंत आवश्यक क्योंकि मतदाताओं की जागरूकता से दिये गये वोट के बल पर ही लोकतंत्र एवं देश का भविष्य निर्धारित होता है। प्रत्येक मतदाता को अपना मतदान अवश्य करना चाहिए । है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बिना भय या पक्षपात, प्रलोभन एवं चालच के अपने मत का प्रयोग देशहित में करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी आशीष भटगाई ने कहा कि सभी मतदाताओं को लोकतंत्र के इस त्यौहार में भाग लेना चाहिए और बिना किसी लालच, मोह में आये वोट देना चाहिए।

## मैन पावर सप्लायर SKLO हरेंद्र राव उर्फ मीनू के द्वारा मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर किया गया खिचड़ी भोज



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर- मकर संक्रांति का त्योहार हिन्दू धर्म के प्रमुख त्योहारों में शामिल है, जो सूर्य के उत्तरायन होने पर मनाया जाता है। इस पर्व की विशेष बात यह है कि यह अन्य त्योहारों की तरह अलग-अलग तारीखों पर नहीं, बल्कि हर साल 14 जनवरी को ही मनाया जाता है, जब सूर्य उत्तरायन होकर मकर रेखा से गुजरता है।कभी-कभी यह एक दिन पहले या बाद में यानि 13 या 15 जनवरी को भी मनाया जाता है लेकिन ऐसा कम ही होता है। मकर संक्रांति का संबंध सीधा पृथ्वी के भूगोल और सूर्य की स्थिति से है। जब भी सूर्य मकर रेखा पर आता है, वह दिन 14 जनवरी ही होता है, अतरू इस दिन मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है।ज्योतिष की दृष्टि से देखें तो इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है और सूर्य के उत्तरायण की गति प्रारंभ होती है। भारत के अलग-अललग क्षेत्रों में मकर संक्रांति के पर्व को अलग-अलग तरह से मनाया जाता है।इस दिन गंगा स्नान करके तिल के मिष्ठान आदि को ब्राह्मणों व पूज्य व्यक्तियों को दान दिया जाता है। इस पर्व पर क्षेत्र में गंगा एवं रामगंगा घाटों पर बड़े-बड़े मेले लगते है। समूचे उत्तर प्रदेश में इस व्रत को खिचड़ी के नाम से जाना जाता है तथा इस दिन खिचड़ी खाने एवं खिचड़ी दान देने का अत्यधिक महत्व होता है।आज इस अवसर पर SKLO मैनेजमेंट के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा SKLO मैनेजमेंट ऑफिस के सामने खिचड़ी वितरण का कार्यक्रम रखा गया और आने जाने वाले लोगों को खिचड़ी वितरण की गई इस दौरान कोरोना को देखते हुए मास्क लगाकर और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए यह पावन पर्व श्रद्धा पूर्वक SKLO मैनेजमेंट के स्टॉफ के द्वारा मनाया गया। इस दौरान हरेंद्र राव (मीनू),हसन,खेमनन्द जोशी, विनोद कुमार, गुड्डू, सूरज कुमार,मुकेश कुमार, अशोक कुमार, मनोज कुमार,राजीव गंगवार, दिनेश, प्रदीप,और SKLO मैनेजमेंट के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

## 40 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ अनेकों शराब की भट्टियों को नष्ट किया गया



दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर- थाना केलाखेड़ा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत मादक पदार्थो एवं नसे की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने अवैध तरीके से नशीले पदार्थो का क्रय विक्रय करने वालों के विरूद्ध प्रभावी चेकिंग अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर महोदय व पुलिस अधीक्षक अपराध महोदय के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी बाजपुर महोदय के पर्यवेक्षण में केलाखेड़ा पुलिस द्वारा दिनांक 14/1/2022 को थाना केलाखेड़ा द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों /वस्तु /अवैध शराब की कसीदगी की चेकिंग में ग्राम रमपूरा काजी , गुलाब का मजरा , केलाखेड़ा में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया जिसमें पुलिस द्वारा 10000लीटर लहन नष्ट किया गया, अनेकों शराब की भट्टियों को नष्ट किया व 40 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब कसीदगी के उपकरण बरामदगी के आधार पर थाना केलाखेड़ा में एफ आई आर नंबर 05/ 22 धारा 60/ 60(2)EX ACT पंजीकृत किया गया बरामदगी - 40 लीटर कच्ची शराब खाम,शराब कसीदगी के उपकरण 02लोहे के ड्रम , 02 प्लास्टिक के पाईप , 02एलुमिनियम के पाईप , एक सफेद प्लास्टिक की बाल्टी । पुलिस टीम-उप निरीक्षक गणेश पांडे कांस्टेबल नागेंद्र राठी, कांस्टेबल देवराज , चतक किरण ठाकुर ।नाम पता अभियुक्त (1) राजू पुत्र अमरजीत निवासी ग्राम गुलाब का मजरा थाना केलाखेड़ा , ऊधम सिंह नगर

## प्रशिक्षण केन्द्र में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण दिया गया





दुर्गेश तिवारी
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

रूद्रपुर- विधानसभा सामान्य निर्वाचन को समयबद्धता, पारदर्शिता एवं त्रुटिरहित सम्पन्न कराने हेतु शुक्रवार को प्रसार प्रशिक्षण केन्द्र में मास्टर ट्रेनरों को ईवीएम मशीन का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में जिला शिक्षा अधिकारी एके सिंह तथा प्रशिक्षक आरपी जोशी ने कहा कि ईवीएम संचालित करने का जितना अच्छा प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर लेंगे, उतने ही अच्छे ढंग से पीठासीन अधिकारियों व अन्य निर्वाचन में लगे कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर सकेंगे। उन्होने कहा कि ईवीएम के प्रत्येक बिंदु की जानकारी होने से निर्वाचन कार्य कराने में उतनी ही आसानी होगी। उन्होंने कहा किएम-3 वोटिंग मशीनों का प्रयोग किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस बार एक कन्ट्रोल यूनिट (सीयू) से 24 बैलेट यूनिट (बीयू) को जोड़ा जा सकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि एक बीयू में अधिकतम 16 कण्डीडैट सेट किये जाते हैं और इस प्रकार 24 बैलेट यूनिट में कुल 384 कैण्डीडेट सेट किये जा सकते हैं। इस अवसर पर बैलेट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, वीवी पैट के संचालन करने के साथ ही प्रत्येक मशीनो को एक दूसरे से केबिल कनेक्शनों से कनेक्ट करना मतदान पत्र लगाना, माक पोल, विभिन्न प्रपत्रों सहित अन्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 76 मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रशिक्षण ग्रहण किया जोकि अपने-अपने क्षेत्रों में मतदान कार्मिकों एवं अधिकारियों को प्रशिक्षण देंगे।

## कोहरा बना काल, ट्रक मे घुसी टैक्टर ट्राली एक की मौत, एक घायल



नाजिम हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- जनपद के थाना मूंढापांडे के करनपुर पुलिस चौकी क्षेत्र मिलक धोबीयो बाली के पास दलपतपुर काशीपुर हाइवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया। कोहरे की वजह से एक व्यक्ति की जान चली गई। एक घायल हो गया है,, हादसे में टैक्टर चालक राजीव पुत्र नोवत राम की मौके पर मौत हो गई, जबकि ट्रक चालक गंभीर रूप घायल हो गया है। पुलिस ने ट्रक के नीचे फसे टैक्टर ट्राली चालक को बाहर निकाला तो देखा की मौत हो चुकी है दलपतपुर काशीपुर मार्ग पर गुरूवार देर रात में घना कोहरा छा गया था। रात करीब 11 बजे राजीव राणा शुगर मिल मे गन्ना डाल कर वापस लोट रहा था,, तभी दलपतपुर की और से आ रहा ट्रक कोहरे के कारण टैक्टर ट्राली में जोर दार टक्कर मार दी टक्कर लग कर टैक्टर ट्राली खंती ने जा गिरी उसी के ऊपर से ट्रक गिर गया,,जिससे टैक्टर चालक उसी के अंदर फस गया,, जिसकी सुचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद नीचे दबे, राजीव को निकाला,, देखा तो बह मर चुका था,,दूसरी और ट्रक चालक को भी गंभीर चोट आई है,, बही। मृतक का पंचनामा पोस्टमार्टम के भेज दिया गया मूंढापांडे थाना प्रभारी संजय कुमार पांचाल ने बताया कि घने कोहरे के कारण काशीपुर की और से आ रही टैक्टर ट्राली दलपतपुर की और से जा रहा ट्रक सामने से टक्कर होने से दोनों खान्ती मे जा गिरे जिससे मौके पर ही ट्रक चालक की मौत हो गई,,और ट्रक चालक गंभीर रूप घायल हो गया।

## मुरादाबाद में कोरोना के मरीज तीन हजार के पार



मुरादाबाद- जिले में कोरोना के संक्रमण की रफ्तार तेजी के साथ बढ़ने का सिलसिला जारी है। सक्रिय मरीजों का आंकड़ा तीन हजार के पार पहुंच गया है। शुक्रवार शाम तक जिले में कोरोना के 354 नए मरीज सामने आए। नए संक्रमित मिले लोगों में पुलिस कर्मियों की संख्या काफी अधिक है। पीटीसी, पुलिस एकेडमी एवं पीएसी के कर्मियों की जांच में 33 की रिपोर्ट कोरोना पॉजिटिव आई, जबकि गलशहीद थाने के 16 पुलिसकर्मी संक्रमित मिले। जज कंपाउंड के 17 लोगों में कोरोना के संक्रमण की पुष्टि हुई। आईडीएसपी के डिस्ट्रिक्ट डाटा मैनेजर अंकित शर्मा ने बताया कि जिले में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या 3032 पहुंच गई है। शुक्रवार शाम तक 63 मरीज डिस्चार्ज किए गए। एसपी रेल कार्यालय, रेलवे हरथला कॉलोनी, लाइनपार, बिलारी, नवीन नगर, सुपरटेक, आशियाना, रामगंगा विहार, चंद्रनगर, कटघर, मंडी चौक, दीनदयाल नगर, बुद्विविहार आदि क्षेत्रों से संक्रमण के नए मामले सामने आए।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक मकर संक्रांति के पावन पर्व पर आयोजित की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद- आज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दोपहर 2रू30 बजे व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर आयोजित की गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी गणों एवं व्यापारियों ने एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खिचड़ी भोज का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर कोरोना महामारी के बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए व्यापारी समाज को सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क का लगातार प्रयोग करने व कोराना गाइडलाइंस का पालन करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि लगातार दो वर्षो से कोरोना संक्रमण आने की वजह से व्यापारी समाज का व्यापार तबाह व बर्बाद हुआ है। जिससे व्यापारी समाज की रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हुई है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी द्वारा आह्वान किया गया कि अब हम सभी व्यापारियों को कोरोना संक्रमण के




बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क का प्रयोग रखना है। और बाजारों में आने वाले ग्राहकों से भी मास्क की अनिवार्यता रखनी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, राजबहादुर यादव, अरविंद गुप्ता, सरदार रविंद्र सिंह टोनी, आनंद प्रकाश शर्मा, हंसराज अरोड़ा, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, तरन जैन, सुदेश यादव, सरदार पंकज सिंह, सरदार अजीत सिंह, अतुल शर्मा, विजय सैनी, महेंद्र सैनी, लालमन सैनी, मुकर्रम अली, हरिओम सैनी, ओमकार सेठ, नासिर सूरी, सोहेल खान, राजेंद्र सैनी,अमन अग्रवाल,इमरान खान, जमीर अहमद अंसारी, वकार इंजीनियर, शाहजेव खान,शेवू खान आदि उपस्थित रहे। व्यापार प्रतिनिधि मंडल की एक बैठक मकर संक्रांति के पावन पर्व पर दोपहर 2रू30 बजे व्यापार मंडल के मुख्य कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी पर आयोजित की गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारी गणों एवं व्यापारियों ने एक दूसरे को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं दी। साथ ही सोशल डिस्टेंसिंग के साथ खिचड़ी भोज का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस अवसर पर कोरोना महामारी के बढ़ते हुए संक्रमण को देखते हुए व्यापारी समाज को सामाजिक दूरी बनाए रखने, मास्क का लगातार प्रयोग करने व कोराना गाइडलाइंस का पालन करने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि लगातार दो वर्षो से कोरोना संक्रमण आने की वजह से व्यापारी समाज का व्यापार तबाह व बर्बाद हुआ है। जिससे व्यापारी समाज की रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हुई है। इस अवसर पर व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी द्वारा आह्वान किया गया कि अब हम सभी व्यापारियों को कोरोना संक्रमण के बढ़ते हुए प्रभाव को देखते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए मास्क का प्रयोग रखना है। और बाजारों में आने वाले ग्राहकों से भी मास्क की अनिवार्यता रखनी है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, राजबहादुर यादव, अरविंद गुप्ता, सरदार रविंद्र सिंह टोनी, आनंद प्रकाश शर्मा, हंसराज अरोड़ा, महफूज हुसैन, पुलकित अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, तरन जैन, सुदेश यादव, सरदार पंकज सिंह, सरदार अजीत सिंह, अतुल शर्मा, विजय सैनी, महेंद्र सैनी, लालमन सैनी, मुकर्रम अली, हरिओम सैनी, ओमकार सेठ, नासिर सूरी, सोहेल खान, राजेंद्र सैनी,अमन अग्रवाल,इमरान खान, जमीर अहमद अंसारी, वकार इंजीनियर, शाहजेव खान,शेवू खान आदि उपस्थित रहे।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेशद्ध से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेशद्ध से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Meeting on corona

When the country has again reached a turning point due to the Corona epidemic, then it is a big test for the Prime Minister and Chief Ministers. In just fifteen days, the transition is in a tense state. The number of cases per day has crossed the two lakh mark and is showing signs of reaching the point where one million cases are expected per day. In such a situation, the meeting of Chief Ministers under the leadership of the Prime Minister is welcome.There is no doubt that India's war against Corona has been somewhat better than the western countries. More than one million cases are being reported daily in America, a developed country with a quarter of our population. By the way, there is also a apprehension that the actual number of infections in India may be five times higher than the official number. India is such a backward country from the medical point of view that most of the people here avoid even the last minute of the investigation of the disease. During the second wave we have seen How many people were deprived of treatment because they did not get the corona test done on time. There were also people who needed oxygen, but they did not have a corona positive report, so they were deprived of the facility.

This time all the governments should ensure that the investigation is done easily in the hospitals at the government level.There is a huge population in the country, who cannot afford to spend five hundred rupees for a personal test. It is also necessary to take the information of patients after easy examination. During the last wave, we saw that despite positive reports, a large number of patients were left to suffer and wander. Efforts should be made to improve at the level of Chief Ministers.It is not good to avoid investigation and treatment. Another important effort should be that the governments keep the complete figure of infection. If the data is not correct, then there will be trouble later. Suddenly the number of patients and dead will increase. Keep in mind, all the cases are being registered in America, so they are also visible on paper. This will help in streamlining the medical system there today and in future. Therefore, the importance of statistics should be understood in India as well.This is the second meeting of the Prime Minister on the subject of Corona within a week. In such meetings, concrete and basic problems need to be discussed. We should also study the meetings and their usefulness of countries which are fighting Corona with more honesty. The needy should definitely be discussed in high level meetings.It is also necessary to consider vaccination in high level meetings and remove its shortcomings. It is worth noting that in a week, 97 people died of corona in Delhi. 70 of them were not vaccinated. Of those, 19 patients had received only the first dose, while only eight were fully immunized. The meaning is clear, there is a reasonable measure of prevention in vaccination. Right now the biggest effort should be that how vaccines, tests and treatments reach the underprivileged easily.

# Malaika Arora posted amidst rumors of breakup with Arjun Kapoor, wrote- 'Finding love at the age of 40'



Malaika Arora and Arjun Kapoor are one of the popular couples of Bollywood. Recently, news of their breakup came, after which Arjun shared a picture with Malaika and called such news mere rumours. Both are still together. Meanwhile, Malaika has now shared a note on her Instagram. With this, he said that there is a need to normalize things regarding age. He said that life does not end after the age of 25, love can be found even at the age of 40.Malaika's reply to haters- Malaika says that if someone falls in love at the age of 40, then it should be taken as normal. He wrote on his Insta story- 'No but really. Finding love at the age of 40, normalize it. Normalize dreaming and discovering new dreams at the age of 30. At the age of 50, achieve your life purpose and normalize yourself. Life does not end after the age of 25. Stop acting like it happens.Arjun Kapoor shared the photo- Earlier, Arjun Kapoor shared a photo with Malaika Arora taking a mirror selfie. With this, he wrote in the caption- 'There is no place for rumours. Be safe be happiness. Wishing everyone the best and lots of love to all of you….Trolls are done about age- Malaika is about 10 years older than Arjun Kapoor. He is often trolled for the age gap. Arjun has always been seen supporting Malaika and does not miss to give a befitting reply to such trolls. They believe that they like each other's company and it does not matter to them.

# South's actors make their debut among Hindi audience, these stars will debut in Bollywood this year



South's actors will debut - South's superstar Allu Arjun's film 'Pushpa' has created panic in the Hindi belt. The film has so far collected more than 80 crores. The makers of the film, including Allu Arjun himself, have confessed that they did not expect such a tremendous performance in Hindi. Looking at the last few years, the craze of actors of South films has increased a lot among the Hindi audience.Fans are also eagerly waiting to see these stars in Bollywood. In the coming days, many South actors will be seen spreading the flames in Hindi films.Vijay Deverakonda- Dharma Production's film 'Liger' is being made on a very large scale. The film stars South's superstar Vijay Deverakonda. He is accompanied by Ananya Pandey as the female lead.Samantha- Samantha, who is making a splash with her item number in 'Pushpa', has already worked in the Hindi web series 'Family Man 2'. Now Samantha is ready to debut in Bollywood. She is doing a film with Taapsee Pannu. It will be a female oriented film.Naga Chaitanya- Another big actor of South, Naga Chaitanya will be seen in Aamir Khan's film 'Lal Singh Chaddha' this year. Aamir Khan himself called and offered this role to Naga. The film will release on April 14.Rashmika Mandanna- Rashmika Mandanna is quite popular among the Hindi audience. Rashmika will be seen in the film 'Goodbye' with Amitabh Bachchan. The shooting of the film is over. Apart from this, she is also working with Siddharth Malhotra in the spy thriller film 'Mission Majnu'.

# त्रिमूर्ति मानव सेवा समिति द्वारा जलाये गये अलाव

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- विगत वर्षो की तरह इस वर्ष भी बढ़ते शीत प्रकोप को देखते हुए त्रिमूर्ति मानव सेवा समिति द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर अलाव जलाने का कार्य किया गया।समिति



के अध्यक्ष मनोज जैन ने बताया कि जनहित को ध्यान में रखते हुए आगामी कुछ दिनों तक शहर के मुख्य चौराहों पर और बस स्टैंड पर अलाव जलाने का कार्य समिति के सदस्यों द्वारा किया जाता रहेगा, जिससे गरीब, मजदूर, बेसहारा और रिक्शे वालों को ठंड से राहत मिलेगी।अलाव जलाने के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले समिति के सदस्य आकाश जैन, योगेश जैन, अंकित जैन, डॉ राजेश सिकरवार, आशीष शर्मा, नितिन जैन, प्रवीण जैन आदि रहेंगे।

## बीएसपी ने वैश्य समाज के व्यक्ति को बनाया एटा सदर विधानसभा से प्रत्याशी



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बीएसपी ने वैश्य समाज के व्यक्ति को बनाया एटा सदर विधानसभा से प्रत्याशी, वैश्य समाज के संजीव गुप्ता उर्फ गुड्डू कपड़े वाले को दिया एटा सदर विधानसभा से टिकिट,उन्होंने कहा कि बसपा सुप्रीमो मायावती जी ने उन्हें आशीर्वाद दिया है, संजीव गुप्ता ने अपनी जीत को सुनिश्चित मानते हुए सपा और भाजपा पर साधा निशाना, बीएसपी से टिकट पाकर संजीव गुप्ता उर्फ गुड्डू बिगाड़ सकते है बीजेपी का खेल।

## ट्रैक्टर की टक्कर से किशोर की मौत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- ट्रैक्टर की टक्कर से एक किशोर की मौत हो गई। वह सब्जी लेने के लिए गांव से पैदल ही जा रहा था। निधौलीकलां थाना क्षेत्र के गांव दस्तमपुर के ग्रामीणों ने बृहस्पतिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर बताया कि गांव निवासी 17 वर्षीय हुकुम सिंह शाम के समय गांव से नूंहखेड़ा सब्जी लेने जा रहा था। वह नगला बृजलाल के पास पहुंचा ही था कि एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थानाध्यक्ष हेमंत रावत ने बताया कि ट्रैक्टर से किशोर की मौत हुई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## बसपा प्रत्याशी संजीव गुप्ता गुड्डू ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- बसपा प्रत्याशी संजीव गुप्ता गुड्डू ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान बसपा से टिकट फाइनल होते ही जनसंपर्क में लगे संजीव गुप्ता सर्वप्रथम सजातीय लोगों के घर जाकर अपने जनसंपर्क अभियान का शुभारम्भ किया संजीव गुप्ता गुड्डू जी ने कहा कि वैश्य समाज के मान, सम्मान एवम स्वाभिमान की रक्षा के लिए वे अपना धर्म निभाएंगे

## निर्वाचन हेतु आवश्यक वाहन व्यवस्था के संबंध में बैठक सम्पन्न



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला पंचायत स्थित जनेश्वर मिश्र सभागार में आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन २०२२ को स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन हेतु आवश्यक वाहन व्यवस्था के संबंध मे अतिआश्यक बैठक आयोजित की गई। डीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि निर्वाचन एक अतिमहत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी स्कूल बस प्रबंधक अपने विद्यालय में प्रयुक्त होने वाले वाहनों की फिटनेस आदि समस्त कार्य पूर्ण करा लें। बैठक के दौरान १७० विद्यालयों में से ५६ विद्यालयों के प्रबंधक/प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। बैठक में अनुपस्थित रहने वाले विद्यालय प्रबंधक/प्रधानाचार्य के खिलाफ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कार्यवाही करने हेतु निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि एआरटीओ कार्यालय पर स्कूल बस संचालकों को विभागीय कार्य पूर्ण कराने में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। निर्वाचन कार्य हेतु स्कूल बसों की आवश्यकता होगी, समय से वाहन उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही विद्यालय प्रबंध समिति के लोगों द्वारा कोविड संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए अपने स्टाफ, ड्राइवर, कन्डक्टर आदि का वैक्सीनेशन अवश्य कराया जाए। डीएम ने बैठक के दौरान स्कूल बस संचालकों की मांग पर निर्देश दिए कि गत चुनावों में प्रयुक्त वाहनों के लंबित भुगतान को प्रत्येक दशा में एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाए। इस बार बस संचालकों को एडवांस की सुविधा मिलेगी, जिससे कि वे अपने स्टाफ की प्रतिपूर्ति कर सकें तथा समय से उनका भुगतान भी सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर एडीएम प्रासन आलोक कुमार, एएसपी धनंजय सिंह कुशवाह, सीएमओ डा० यूके त्रिपाठी, एआरटीओ हेमचन्द गौतम, बीएसए संजय सिंह, जनदभर से आए स्कूल बस संचालक आदि मौजूद रहे

# कागजों पर कर दी नगर निगम ने सीवर की सफाई

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - नगर निगम ने बीते साल सीवर की सफाई का टेंडर किया था। छर्रा अड्डा से गुरुद्वारा रोड होकर मरघट और महाजन होटल से किशनपुर तिराहे तक सीवर की सफाई होनी थी। गाजियाबाद की कंपनी को ठेका दिया था, जो जुलाई में काम शुरू हुआ। लेकिन कंपनी काम अधूरा छोड़कर चली गई। तब निगम अफसरों ने तय रेट एक करोड़ पर यही ठेका स्थानीय फर्म को दे दिया, जो निगम के ज्यादातर ठेके उठाती है। लेकिन, इस फर्म ने



काम नहीं किया। अब जल निगम द्वारा सीवर की सफाई हो रही है। जबकि, निगम के पास डेढ़-डेढ़ करोड़ रुपये की दो सुपर शकर मशीनें हैं, जो इसी काम आती हैं। पार्षदों ने इसका विरोध किया तब जांच के आदेश हुए, लेकिन इसमें भी लीपापोती की गई। पूर्व में दिए गए शिकायती पत्र भी गायब हैं।

## जेएन मेडिकल की ओपीडी में अब रोज देखे जाएंगे 75 मरीज

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - एएमयू के जेएन मेडिकल कालेज में 14 जनवरी से ओपीडी में रोजाना 75 मरीजों व विशेष ओपीडी में रोज 35 मरीजों का इलाज किया जाएगा। रोगियों का पंजीकरण सुबह 8रू30 से 10रू00 बजे तक होगा। ये जानकारी चिकित्सा अधीक्षक प्रो. हारिस एम खान ने दी। नोसिस, आर्थोपेडिक सर्जरी, त्वचा विज्ञान, मनोरोग, सामान्य सर्जरी, चिकित्सा, टीबी चेस्ट, प्लास्टिक सर्जरी, प्रसूति व स्त्री रोग, एएनसी, रेडियोथेरेपी, नेत्र विज्ञान में ओपीडी हर दिन संचालित होंगी। वेल बेबी क्लीनिक की मंगलवार, गुरूवार व शनिवार, मधुमेह व एंडोक्रिनोलाजी की ओपीडी सोमवार, मंगलवार, गुरूवार, शुक्रवार को होगी।

## रामवीर उपाध्याय जी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे




अनुराग
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

आगरा द्द पूर्व विधुत मंत्री श्री रामवीर उपाध्याय जी के खाशम खाश पूर्व बसपा नेता सोनी वसिष्ठ ने श्री उपाध्याय जी के चाहने वाले और शुभचिंतकों से की अपील, कल दोपहर 2रू00 बजे मा0 श्री रामवीर उपाध्याय जी भारतीय जनता पार्टी में शामिल होंगे, आप सभी सम्मानित समर्थकों, शुभचिंतकों व कार्यकर्ताओं से अपील अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में शास्त्रीपुरम कोठी आगरा में पहुंचकर सदस्यता कार्यक्रम को सफल व भव्य बनाएं।।

## कोरोना ब्लास्ट : जिले में रिकॉर्ड एक दिन में 55 लोग कोरोना संक्रमित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा- कोरोना ब्लास्ट रू जिले में रिकॉर्ड एक दिन में 55 लोग कोरोना संक्रमित जनपद में 55 और लोग कोरोना संक्रमित निकले है।स्वास्थ्य विभाग टीमों ने कोरोना संक्रमित निकले लोगों को देरशाम तक होम क्वारंटाइन करने का कार्य किया है।जनपद में तीसरी लहर में निकले कोरोना संक्रमितों की संख्या बढ़कर 137 हो गई है।जनपद में अब तक कुल 988 कोरोना संक्रमित हो गए हैं। स्वास्थ्य टीमों ने जनपदभर में अलग-अलग स्थानों पर लगभग 2092 लोगों की कोरोना जांच की है। जिसमें 1110 आरटीपीसीआर और 982 एंटीजन रैपिड किट से




जांच की गई हैं। तीसरी लहर में कोरोना संक्रमण जनपद में धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। हमारी लापरवाही नहीं रुकी तो कोरोना का खतरा हमारे और आपके लिए घातक हो जाएगा। दैनिक क्यूँ न लिखूं सच आपसे अपील करता है कि मास्क का प्रयोग करें, जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले। सामाजिक दूरी का दायरा रखे, सेनेटाइजर का प्रयोग करें।

# जानकारी के अभाव में युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर




रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर. सूरजपुर जिले में उद्योग और कृषि क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं लेकिन उचित जानकारी के अभाव में युवा दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं. यह कहना है हिंदुत्व विकास फाउंडेशन के संस्थापक अमित सिन्हा जो पेशे से इंटरनेशनल इंडस्ट्रियल मैनेजमेंट कंसलटेंट हैं उनकी एक्सपर्टीज स्टील, ट्रांसफार्मर, प्लास्टिक, एग्रो प्रोसेसिंग इंडस्ट्री, होटल एंड रिसोर्ट आदि उद्योगों में है. उन्होने बताया कि हिंदुत्व विकास फाउंडेशन के द्वारा पूरे देश में ग्रामीण अंचल के सर्वांगीण विकास के लिए जनता को उद्योग धंधों के विषय में जागरूक किया जा रहा है एवं उद्यमी बनाने की दिशा में समुचित प्रयास किया जा रहा है.उनकी संस्था अपने टीम के माध्यम से लघु और मध्यम श्रेणी के उद्योग कम लागत और कम संसाधन में स्थापित करने हेतु मार्गदर्शन देती है उनकी संस्था सूरजपुर जिले में 101 नए उद्यमीयों को बिजनेस प्लान .और फिजिबिलिटी स्टडी उपलब्ध कराएगी जिसके लिए उन्हें फाउंडेशन के वेबसाइट पर पंजीकरण करना होगा. देश का विकास ग्रामीण क्षेत्रों से शहरी क्षेत्रों की तरफ होनी चाहिए तभी समाज का समुचित विकास संभव है, देश का 65 प्रतिशत आबादी अभी भी ग्रामीण अंचल में रहती है और कृषि पर आधारित है, आवश्यक सुविधाओं से वंचित है उनके उत्पाद को शहरों तक पहुंचा पाने में असमर्थ है हमारी संस्था इस पुनीत कार्य में सरकार को अपना सहयोग और सुझाव जनहित में समय समय पर देती रहेगी.

संस्था अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार की जानकारी और प्रशिक्षण की उपलब्धि कराएगी जिससे क्षेत्र का आर्थिक विकास हो सके. जिले में बहुत उत्कृष्ट सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल हैं जिन्हें जीर्णोद्वार और सुचारू रूप से विकसित करके पर्यटन के द्वारा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के साधन बनाए जा सकते हैं. संस्था की आधिकारिक वेबसाइट है जिस पर संस्था के विषय में सारी जानकारी और रोजगार संबंधी आवेदन के विकल्प उपस्थित है टोल फ्री नंबर 18002400333 भी है जिस पर निशुल्क संपर्क करके सहायता या जानकारी प्राप्त की जा सकती है. इस दौरान हिंदुत्व विकास फाउंडेशन के विष्णु पांडेय के साथ समाजसेवी शिवम सिन्हा, अभिजीत श्रीवास्तव, महिला इकाई से प्रीति सिन्हा उपस्थित रहे.

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 50 की थी डिमांड, 4.5 लाख दे दिया अडवांस पर नहीं मिला टिकट, फूट-फूटकर रोया बसपा नेता

बसपा से कथिततौर पर टिकट के दावेदार एक नेता ने पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। बसपा नेता अरशद राणा ने पार्टी पर टिकट के बदले 50 लाख रूपये मांगे जाने का आरोप लगाया है। बता दें कि यूपी में अगले महीने से सात चरणों में विधानसभा के चुनाव होने हैं। इससे पहले तमाम पार्टियां अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर रही हैं। इसी दौरान एक बसपा नेता ने टिकट न मिलने पर पार्टी पर बड़े आरोप लगाए। अरशद राणा का एक रोते हुए वीडियो सामने आया था जिसमें वे टिकट न मिलने पर काफी परेशान दिखाई दे रहे थे।



## 4.5 लाख दे चुका, 50 लाख मांगे जा रहे

बसपा नेता अरशद राणा ने कहा, षैं 24 साल से काम कर रहा हूं; 2018 (2022 यूपी चुनावों के लिए) में औपचारिक रूप से चरथवल सीट से उम्मीदवार घोषित किया गया था। तब से पार्टी से संपर्क करने की कोशिश कर रहा हूं, कोई उचित जवाब नहीं मिला है।ष उन्होंने आगे कहा, ष50 लाख रूपये की व्यवस्था करने को कहा है... मैं पहले ही लगभग 4.5 लाख रूपये का भुगतान कर चुका हूं।

## पुलिस के सामने रोते हुए दिखे बसपा नेता

दरअसल उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा के साथ ही पार्टी टिकट को लेकर खींचतान और ड्रामा भी शुरू हो गया है। मुजफ्फरनगर की चरथवल सीट से टिकट नहीं मिलने से खफा बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के एक नेता अरशद राणा को शहर कोतवाली में फूट-फूट कर रोते देखा गया। पुलिस के सामने रोते हुए, अरशद राणा ने आरोप लगाया कि पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने दो साल पहले टिकट के लिए 67 लाख रूपये की मांग की थी, लेकिन उनकी जानकारी के बिना उनका टिकट काट दिया गया।

## बसपा ने पूर्व गृह राज्य मंत्री सैयदुज्जमां के बेटे सलमान सईद को उतारा

गौरतलब है कि चरथवल विधानसभा क्षेत्र के दधेड़ू गांव निवासी अरशद राणा लंबे समय से बसपा में सक्रिय हैं। उनकी पत्नी ने भी जिला पंचायत सदस्य पद के लिए बसपा से चुनाव लड़ा था। राणा लंबे समय से पार्टी का टिकट पाने की उम्मीद से चरथवल सीट से बसपा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे। हालांकि एक दिन पहले बसपा सुप्रीमो मायावती ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि पार्टी ने चरथवल विधानसभा सीट से सलमान सईद को उतारा है। सलमान सईद पूर्व गृह राज्य मंत्री और कांग्रेस नेता सैयदुज्जमां के बेटे हैं। घोषणा से आहत राणा ने फेसबुक पर अपनी आपबीती के बारे में लिखा और बाद में अपने समर्थकों के साथ शहर कोतवाली पहुंचे। उन्होंने कहा कि पार्टी नेताओं ने उनका तमाशा बनाया और उनके पैसे वापस मांगे।

# स्वामी के संग शक्ति प्रदर्शन कर फंसे अखिलेश, रोक के बावजूद भीड़ जुटाने पर ऐक्शन

यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री और सपा प्रमुख अखिलेश यादव को स्वामी प्रसाद मौर्य के साथ शक्ति प्रदर्शन करना महंगा साबित हो सकता है। दरअसल लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय पर सदस्यता समारोह के दौरान उमड़ी हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ पर चुनाव आयोग ने संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम को जांच के आदेश दिए। इसके बाद लखनऊ के डीएम अभिषेक प्रकाश ने एक टीम को भेजकर वीडियोग्राफी कराई है। डीएम अभिषेक का कहना है कि समाजवादी पार्टी का कार्यक्रम बिना अनुमति के किया गया है। सूचना मिलने पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस टीम को सपा दफ्तर भेजा गया है। रिपोर्ट के आधार पर ज़रूरी कार्रवाई की जाएगी। कोरोना की तीसरी लहर के बीच हो रहे यूपी विधानसभा




चुनाव में संक्रमण की रोकथाम को लेकर चुनाव आयोग ने गाइडलाइन जारी की है। सभी दलों को इन गाइडलाइंस का पालन करते हुए चुनाव प्रचार करना है पर आज सपा कार्यालय पर सदस्यता समारोह में हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई। दरअसल मौका था, स्वामी प्रसाद मौर्य, धर्म सिंह सैनी सहित छह विधायकों के सपा ज्वाइन करने का। इन सबने पिछले दिनों बीजेपी छोड़कर आज सपा ज्वाइन की है। इस मौके पर पार्टी की ओर से वर्चुअल रैली का आयोजन किया गया था।

## चुनाव आयोग की ये है गाइड लाइंस

पिछले दिनों उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब सहित पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का ऐलान करते हुए चुनाव आयोग ने साफ कर दिया था कि किसी भी राज्य में रैलियों और रोड शो के आयोजन की इजाजत नहीं होगी। इसके अलावा किसी नुक्कड़ सभा का आयोजन भी सार्वजनिक स्थानों पर नहीं किया जा सकेगा। साइकिल रैली और बाइक रैली और पदयात्रा जैसी चीजों पर भी रोक रहेगी। बाइक रैली पर भी पाबंदी रहेगी। रात 8 बजे के बाद चुनाव प्रचार पर रोक रहेगी। चुनाव आयोग ने चुनावी पार्टियों से कहा है कि वो ज्यादा से ज्यादा वर्चुअल रैली या डिजीटल रैली पर जोर दें। ये सभी पाबंदियां 15 जनवरी तक के लिए लागू की गई थीं। चुनाव आयोग ने साफ किया था कि 15 जनवरी के बाद इसकी समीक्षा की जाएगी और फिर आगे इसपर फैसला लिया जाएगा। चुनाव आयोग ने यहां तक कहा है कि डोर टू डोर कैंपेन में भी 5 से ज्यादा लोग नहीं जा सकते हैं। लेकिन इस बीच शुक्रवार को जब सपा मुख्यालय पर नेताओं के हजारों समर्थकों-कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी तो इन सारी पाबंदियों और कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ती साफ नज़र आई।

# पुलिस ने धरपकड़ में दबोचे 20 अपराधी

अमरदीप कुशवाह
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

फर्रुखाबाद -जनपद पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड के लिए चलाये जा रहे विशेष अभियान में अबैध शराब तथा अबैध शस्त्रों से अराजकता फैलानें वाले 20 लोगों को गिरफ्तार किया हैद्य जहानगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव गदनपुर तुर्रा निवासी कोमल को देशी अबैध बंदूक समेत गिरफ्तार किया हैद्य कोमल के खिलाफ पड़ोसी जनपद में लूट व मादक पदार्थ के कारोबार से सम्बन्धित मूकदमें कायम हैंद्य पुलिस के मुताबिक कोमल पिछले कई माह से छिबरामऊ में हुई लूट के मुकदमें में बांछित चल रहा थाद्य जिसकी तहकीकात की जा रही थीद्य कम्पिल थाना पुलिस ने नगला बीच निवासी देव सिंह को 12 बोर की देशी बंदूक व कारतूस समेत गिरफ्तार किया हैद्य पुलिस उसके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी के लिए आस-पास के जिले व जनपद के थानों से सम्पर्क कर रही हैद्य कमालगंज थाना पुलिस नें क्षेत्र के गाँव महरूपुर रावी निवासी विनय को 15 लीटर, शमसाबाद पुलिस ने सुल्तानगंज खरीटा निवासी सुग्रीब को 10 लीटर, कायमगंज पुलिस नें श्याम नगर निवासी सुमानु व ममापुर निवासी सुनील को 20-20 लीटर शराब , मेरापुर पुलिस नें नगला बल्लभ निवासी रामशरण सिंह, ब्रह्मपुरी निवासी सत्यवीर, उमरैल निवासी देवेन्द्र, तथा पड़ोसी जनपद एटा नयागाँव सराय अगहत निवासी हरवीर सिंह को 110 लीटर शराब, नवाबगंज थाना पुलिस नें सिरौली निवासी रामनरायन वाथम तथा मेरापुर के ग्राम कुरार निवासी अजीत व रजनेश को 28 लीटर अबैध शराब सहित गिरफ्तार किया हैद्य शहर कोतवाली पुलिस नें लकुला गिहार बस्ती निवासी जर्मन, मलखान व संजीब को 20-20 लीटर शराब समेत गिरफ्तार किया हैद्य मऊदरवाजा थाना पुलिस ने टीका नगला निवासी जर्मन को 20 लीटर, जहानगंज थाना पुलिस नें गड़ाखेड़ा निवासी पेंटर को 20 लीटर शराब समेत गिरफ्तार किया हैद्य मेरापुर थाना पुलिस ने गाँव परौली खरदाई निवासी महेश उर्फ नन्हे को अबैध तमंचे सहित गिरफ्तार किया हैद्य मऊदरवाजा थाना पुलिस नें कटरी धर्मपुर निवासी जिला बदर बिजेंद्र यादव को तमंचा गिरफ्तार कर लिया है

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

# मकर संक्रांति पर जगह जगह हुआ खिचड़ी भोज कार्यक्रम

सोहेल खान/आदित्य गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच


बदायूँ-दातागंज कस्बे में आज जगह-जगह मकर संक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जहां दातागंज क्षेत्र के कई ग्रामों में भी खिचड़ी भोग कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।बतादें की मकर संक्रांति को सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। इस दिन से ही भारतीय संस्कृति के अनुसार सारे शुभ कार्यों की शुरूआत हो जाती है। वही वैज्ञानिक तर्क की बात करें तो आज ही के दिन प्रमुख रूप से नदियों में वाष्पन क्रिया शुरू होती है।जिससे शरीर के कई रोग दूर हो जाते हैं। हालांकि यह वाष्पन क्रिया मकर संक्रांति से निरंतर चलती रहती है। वही खिचड़ी भोग से भी वैज्ञानिक तर्क पर लाभ मिलता है खिचड़ी में अदरक और मटर डालकर बनाने से शरीर को एक नई ऊर्जा मिलती है। और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ती है। कहीं-कहीं आज ही के दिन तिल और गुड़ बांटने का भी प्रचलन है।बता दें कि तिल और गुड़ एक साथ मिलकर शरीर को ऊर्जावान बनाते हैं। तथा शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाते हैं



- ◆ कस्बे में जगह जगह हुआ खिचड़ी भोज कार्यक्रम
- ◆ बदायूँ रोड पर जगह जगह खिचड़ी भोज कार्यक्रम
- ◆ दातागंज क्षेत्र के कई ग्रामो में हुआ खिचड़ी भोज कार्यक्रम
- ◆ दातागंज क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया मकर संक्रांति का त्योहार

।दातागंज के मैन तिरहा पर मकर संक्रान्ति के शुभ अबसर पे दातागंज के युवाओ ने खीचडी वितरण किया इस खीचडी वितरण में नगर के सम्मानित युवाओ ने बढ़ चड़कर हिस्सा लिया इस मौके पे महेश चंद्र गुप्ता (कल्लू ठेकेदार), हर्षित गुप्ता, सार्थक गुप्ता, अनूप कुमार गुप्ता,शिवम गुप्ता, मोहित गुप्ता,शिवम राणा, राज श्री वशतव, संजय गुप्ता, हर्षित सक्सेना, वैभव पाठक, रितिक गुप्ता, पंकज गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे। दातागंज के ग्राम पापड़ धाम में बाबा श्याम के नव मंदिर निर्माण पर खिचड़ी भोज हुआ।जहां सभी श्याम प्रेमी उपस्थित रहे अंकुश कश्यप, नीतेश कश्यप,भूपेंद्र सिंह,अरुण कुमार,संदीप कश्यप ने भी दातागंज में खिचड़ी भोग कार्यक्रम कराया।

# जिले के 2.31 लाख मतदाता कोविड रोधी टीका से दूर



शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - देश में कोविड रोधी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हुआ था। तब से लेकर अब तक जिले में 39.76 लाख लोगों को टीका लग चुका है। 25.33 लाख लोग पहली एवं 14.35 लाख लोग दूसरी खुराक ले चुके हैं। जिले में 18 वर्ष या उससे अधिक उम्र के 27.64 लाख मतदाता है। इस हिसाब से 2.31 लाख मतदाता अभी भी टीका से दूर हैं। इसी तरह 13.28 लाख मतदाता दूसरी खुराक से दूर हैं। विशेष अभियान चलाकर शत-प्रतिशत टीकाकरण का प्रयास किया जा रहा है। टीका से वंचित लोगों को प्रथम खुराक एवं प्रथम खुराक ले चुके लोगों को निर्धारित समय पर दूसरी खुराक लेने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

# पहले दिन आये 37 नामांकन पत्र, राजनीतिक दलों में उत्साह

शुभम शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ़ - विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों द्वारा अपने प्रत्याशियों की घोषणा करने के साथ ही जनपद में भी नामांकन पत्र लेने की प्रक्रिया आरम्भ हो गयी है। शुक्रवार को विधानसभा वार नामांकन पत्र खरीदे गए। इन्होंने लिए नामांकन पत्र- विधानसभा इगलास से(12)- राष्ट्रीय लोकदलरू- शिल्पा प्रसाद, ओमवीर सिंह, चारू केन, प्रीति धनगर, त्रिलोकी राम दिवाकर, उमेश कुमार, दल कुंवर पाल सिंह, लोकदल पूरन सिंह, बसपा सुशील कुमार, अखिल भारतीय कांग्रेस एम एल पापा, निर्दलीयरू- पुष्पेंद्र कुमार, संदीप कुमार। विधानसभा शहर(8)- संयुक्त विकास पार्टी इरफान, शिवसेना केशव देव, भाजपारू- कालीचरण, मनोज कुमार गुप्ता स्वतंत्र ज.रा.पा रामगोपाल, आम आदमी पार्टी निराला चावला, निर्दलीय विनोद कुमार विधानसभा



खैर(2)- आम आदमी पार्टी महेश कुमार, बसपा प्रेमपाल सिंह विधानसभा बरौली(4)- बसपा नरेंद्र कुमार शर्मा, कांग्रेस गौरांग देव, निर्दलीयरू- प्रीति शर्मा, देवेंद्र कुमार वर्मा विधानसभा कोल(3)- कांग्रेस श्री नदीम गफूर, निर्दलीय शिव प्रसाद शर्मा, विधानसभा छर्रा(5)- आम आदमी पार्टी शुशील कुमार, बसपा श्री तिलक राज यादव, निर्दलीयरू- युद्ववीर सिंह, श्री अक्षय लोधी, मयंक सिंह अतरौली(3)- बसपा डा0 ओमवीर सिंह, निर्दलीयरू- श्रीमती अखिलेश देवी, चन्द्रपाल सिंह।

# ऑनलाइन निर्वाचक नामावली में देख सकते हैं नाम

मनोज पटेल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

बदायूँ - उप जिला निर्वाचन अधिकारी, संतोष कुमार वैश्य ने अवगत कराया है कि जनपद बदायूँ के अन्तर्गत आने वाले सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का अन्तिम प्रकाशन दिनांक 05-01-2022 को किया जा चुका है। मतदेय स्थल भी परिवर्तित होना संभावित है। अतः सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि वह अपने मतदेय स्थल से सम्बन्धित बूथ लेवल अधिकारी के पास/सम्बन्धित तहसील कार्यालय/जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध निर्वाचक नामावली में अपना/अपने परिवार के सदस्यों का नाम अवश्य देख लें एवं अपने बूथ नम्बर एवं क्रमांक की जानकारी प्राप्त कर लें, जिससे मतदान के समय कोई असुविधा उत्पन्न न हो। यदि किसी मतदाता के पास फोटो पहचान-पत्र उपलब्ध है परन्तु उसका नाम मतदाता सूची में नहीं है, तो उसे मतदान की सुविधा उपलब्ध नहीं होगी। यदि किसी अर्ह व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है तो तत्काल फार्म-6 भरकर बीएलओ/ईआरओ कार्यालय में नियमानुसार नामांकन के अन्तिम दिनांक 28-01-2022 से 10 दिन पूर्व तक जमा कर सकते हैं। सभी मतदाता अपने फोटो पहचान-पत्र नम्बर से अत्यन्त आसानी से अपना नाम मतदाता सूची में ऑनलाइन आयोग की बेवसाइट एनवीएसपी डॉट इन एवं वोटरपोर्टल डॉट ईसीआई डॉट जीओवी डॉट इन पर ऑनलाइन सर्च कर सकते हैं। इसके साथ ही भारत निर्वाचन आयोग के मोबाइल एप वोटर हेल्प लाइन एप पर भी अपने एन्ड्रॉयड फोन से कोई मतदाता अपने नाम को मतदाता सूची में सरलता से सर्च कर सकता है। इसके साथ ही उक्त एप के माध्यम से फार्म-6,7,8 आदि भी भरे जा सकते हैं। उक्त मोबाइल एप 'प्ले स्टोर' पर उपलब्ध है। सभी मतदाताओं से अनुरोध है कि जागरूक मतदाता बनें, अपना मतदान अवश्य करें।

## जिले में कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन शत-प्रतिशत हो सुनिश्चित-नोडल अधिकारी



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - सचिव, राज्य मानवाधिकार आयोग, उ०प्र०/जिले के नोडल अधिकारी एस०वी०एस० रंगाराव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कोविड-19 रोकथाम हेतु सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने निर्देश दिया कि कोविड्-19 के नये वैरियंट को किसी भी दशा में फैलने न पावे इसके लिए निगरानी समितियों के माध्यम से गाँवो में लोगो को सोशल डिस्टेंसिंग अपनाने एवं अनिवार्य रूप से मास्क लगाने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही यदि गाँव में कोई ऐसा व्यक्ति जो रोजी रोजगार करने बाहर गए है। यदि वे अपने घर आते है तो उनकी अनिवार्य रूप से कोविड् जाँच अवश्य करायी जाय, जाँच के दौरान यदि रिपोर्ट निगेटिव आती है तो उन्हें घर भेजा जाय और यदि रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उनके स्वास्थ्य को देखकर अगर वे ज्यादा गम्भीर नही तो अलगवास की सलाह देकर घर भेज दिया जाय और यदि कुछ गम्भीर है तो उन्हें कोविड् अस्पताल में शिफ्ट कराया जाय, ताकि वे स्वस्थ्य हो सके और उनके परिवार में भी संक्रमण किसी भी दशा में न फैलने पाए। सचिव/नोडल अधिकारी ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 15-17 वर्ष की आयु के बच्चों एवं उससे अधिक आयु के लोगो को वैक्सीनेशन के बारे में जागरूक करें तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु प्रेरित कर लक्ष्य पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र/प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षकगण अपने-अपने क्षेत्रों के गांवों में एंव हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर पर टीकाकरण से पूर्व लोगों को व्यापक प्रचार-प्रसार कर टीकाकरण के बारे में अवगत करायें, ताकि निर्धारित तिथियों पर लेखपाल/आशा/एनम एवं रोजगार सेवक की मदद से अधिक से अधिक लोगों का टीकाकरण कराया जा सके।

## यूपी चुनावः कांग्रेस ने कल दिया था टिकट, सपा में शामिल हो गए रामपुर के प्रत्याशी यूसुफ अली

यूपी में फिर पैर जमाने के लिए कोशिश कर रही कांग्रेस को झटके पर झटके लग रहे हैं। कांग्रेस ने गुरूवार को ही जिसे टिकट दिया था, उसने शुक्रवार को समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली। हम बात कर रहे हैं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव और पूर्व विधायक युसूफ अली की। यूसुफ को कांग्रेस ने रामपुर की चमरौआ विधानसभा सीट से प्रत्याशी घोषित किया था। शुक्रवार की सुबह युसूफ अली ने कांग्रेस को अलविदा कहते हुए समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली। उन्होंने लखनऊ पहुंचकर अखिलेश यादव के सामने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली। युसूफ अली चमरौआ सीट



से 2012 में बसपा के टिकट पर चुनाव लड़े थे और विधायक चुने गए थे। परिसीमन के बाद इस सीट पर 2012 में ही पहली बार चुनाव हुआ था। 2017 के चुनाव में भी वह चमरौआ से चुनाव लड़े और मुकाबले में रहे। बाद में वह बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो गए थे। कांग्रेस ने उन्हें प्रदेश महासचिव बनाया। लखनऊ में सपा मुखिया अखिलेश यादव और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य की मौजूदगी में हुए कार्यक्रम में यूसुफ ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली। उनकी पत्नी शाहीन स्वार की ब्लाक प्रमुख हैं। उनके सपा में शामिल होने से जिले में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। कांग्रेस ने कल जिले की पांच में से चार सीटों पर प्रत्याशी घोषित किए थे।

## लड़की हूं, लड़ सकती हूं कैंपेन की पोस्टर गर्ल को नहीं मिला कांग्रेस का टिकट, प्रियंका गांधी के सचिव पर लगाया घूस मांगने का आरोप

"लड़की हूं, लड़ सकती हूं" कैंपेन की पोस्टर गर्ल को नहीं मिला कांग्रेस का टिकट, प्रियंका गांधी के सचिव पर लगाया घूस मांगने का आरोप कांग्रेस ने गुरुवार को 125 प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया था। पार्टी ने लड़की हूं, लड़ सकती हूं कैंपेन के तहत 40 प्रतिशत सीटों पर महिलाओं को टिकट दिया है। लेकिन कैंपेन की पोस्टर गर्ल ने ही टिकट वितरण में धांधली का आरोप लगा दिया है। पोस्टर में सबसे आगे दिखने वाली डॉक्टर प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया है कि टिकट के लिए उनसे घूस मांगी गई। यह घूस किसी और ने नहीं बल्कि प्रियंका






गांधी के सचिव संदीप सिंह ने मांगी है। प्रियंका मौर्य ने पार्टी पर कई और भी आरोप लगाए हैं। लखनऊ की सरोजनी नगर से टिकट का दावा कर रही प्रियंका मौर्य के अनुसार पार्टी ने उनके साथ बहुत बड़ा धोखा किया है। महिला कांग्रेस की मध्य जोन की उपाध्यक्ष प्रियंका मौर्या ने कहा कि मेरे नाम का इस्तेमाल किया गया। मुझे तो यूज किया गया। यह पार्टी तो महिला विरोधी है। उत्तर प्रदेश महिला कांग्रेस की उपाध्यक्ष और अखिल भारतीय यूथ कांग्रेस की पूर्वी उत्तर प्रदेश की महामंत्री डॉक्टर प्रियंका मौर्या ने कहा कि यहां तो सारे टिकट पहले से तय थे। सिर्फ दिखावे के लिए स्क्रीनिंग की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमसे कहा गया कि टिकट चाहिए तो मैराथन के लिए लड़कियां लाइये। मैराथन में लड़कियों के साथ बहुत बुरा सुलूक किया गया। स्कूटी देने में भी धांधली की गई। कांग्रेस के शक्ति विधान महिला घोषणा पत्र की पोस्टर गर्ल डॉ. प्रियंका मौर्या ने आरोप लगाया कि धांधली के कारण लखनऊ की सरोजनीनगर विधानसभा सीट से उनका टिकट काटकर रुद्र दमन सिंह को दे दिया गया। डा. प्रियंका मौर्या का आरोप है कि पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनका टिकट कटवाया है। सूची जारी होने के कुछ घंटे बाद ही डॉ. प्रियंका मौर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके कांग्रेस पार्टी में टिकटों की सौदेबाजी का आरोप लगाया। उन्होंने लिखा है कि प्रियंका गांधी के सचिव संदीप सिंह ने उनसे टिकट के एवज में रुपये के लिए किसी से फोन करवाया था। रुपए न देने पर उनकी जगह किसी और के नाम की घोषणा कर दी। उनका दावा है कि हर आरोप का उनके पास पुख्ता सबूत है जिसे जल्द ही सार्वजनिक करेंगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जनपद के कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

रिंकू जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती - जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के कई मतदान केन्दों/मतदेय स्थलों का औचक निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान तहसील भिनगा के अन्तर्गत अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज का औचक निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान के दौरान सभी मतदान केंद्रों पर आयोग की मंशा के अनुरूप सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया। तदोपरान्त जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस



अधीक्षक ने विकासखंड हरिहरपुर रानी के अंतर्गत कम्पोजिट प्राथमिक एवं जूनियर विद्यालय राजापुर रानी मतदान केंद्र, विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत मतदान केन्द्र क्रमशः जगतजीत इण्टर कालेज एवं मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय चिचड़ी का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों/तहसीलदारों अपने-अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्र/मतदेय स्थलों का स्वयं निरीक्षण एक बार कर के देख ले कि पोलिंग पार्टी के आवागमन का रास्ता, फर्नीचर, विद्युत कनेक्शन/वायरिंग, शौचालय तथा दिव्यांग मतदाता हेतु रैम्प के साथ ही साथ पेयजल, बाउन्ड्रीवाल एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था की स्थिति से अवगत होकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें, यदि कहीं व्यवस्था में कमियां हैं तो उसे सम्बन्धित अधिकारी से समन्वय स्थापित कर ठीक कराये। उन्होंने दिव्यांग मतदाताओं, 80 वर्ष से उपर के मतदाताओं को चिन्हित किये जाने, ए0एम0एफ0 का स्ट्रेटस, वल्नेबिलिटी मैपिंग, क्रिटिकल बूथ, वेबकास्टिंग हेतु चिन्हित बूथ, कम्यूनिकेशन प्लान की जांच, रूटचार्ट की तैयारी सहित विभिन्न बिन्दुओं पर गहन समीक्षा कर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिया है। निर्देश दिया कि रूटचार्ट का पुनः सत्यापन कर लिया जायें।